## तीन दिवसीय युवा चिंतन शिविर का शुभारंभ




**बड़वानी।** भारतीय संस्कृति का भाग्योदय होने जा रहा है। यह संदेश जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य आपको करना है। इस भाग्योदय के सूत्रधार भी आप सब युवा होंगे, इसके लिए 3 सूत्रों आत्मवत सर्वभूतेषु, मातृवत पर दारेषु और पर द्रव्येशु लोष्ठवत को जीवन का अंग बनाईए। आपको कहीं हिमालय में तप करने जाने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि आदर्शों के हिमालय की उपासना-साधना कीजिए। यह आव्हान शारदा विहार विद्यालय प्रांगण में चल रहे 3 दिवसीय युवा चिंतन शिविर के शुभारंभ सत्र में देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार के प्रति कुलपति डॉ चिन्मय पंड्या ने 3500 से अधिक युवाओं से किया। आयोजन में बड़वानी जिले से 25 प्रतिभागी उपस्थित थे। समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने परिवार द्वारा कराई जाने वाले संस्कार प्रणाली की प्रशंसा करते हुए ने बताया कि जो व्याख्या सहित संस्कार गायत्री परिवार पर आता है। उससे संस्कार बहुत ही प्रभावी और बोधगम्य बनता है। सरकार द्वारा भारतीय संस्कृति के संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी। उन्होंने आश्वासन दिया कि संस्कृति संवर्धन के लिए आपके सुझावों, योजनाओं को सरकार के स्तर पर क्रियान्वित करने का हम प्रयास करेंगे। इसके पूर्व डॉ चिन्मय पंड्या ने मशाल प्रज्ज्वलित की। परेड का निरीक्षण और उत्साह वर्धन किया। जन्म शताब्दी वर्ष में बड़वानी जिले की गायत्री परिजनों ने रचनात्मक योजना बनाई।

## सकारात्मक सोच ही व्यक्ति को आनंदित रखती



**बड़वानी।** मप्र जन अभियान परिषद और मप्र राज्य आनंद संस्थान विभाग भोपाल के तत्वावधान में कलेक्टर जयति सिंह के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ काजल जावला के मार्गदर्शन में पाटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शासकीय अधिकारी और कर्मचारियों में आनंद अनुभूति कराने तथा उनके दैनंदनीय कार्यों में सकारात्मकता का भाव बढ़ाने की दृष्टि के लिए प्रत्येक जनपद में एक दिवसीय अल्पविराम कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को पाटी में हुई कार्यशाला का शुभारंभ सरस्वती पुजन कर किया। इसके बाद प्रार्थना सरस्वती वंदना सुधा बाजपेई एवं सुनीता शुक्ला ने प्रस्तुत की। जिला संपर्क व्यक्ति अनिल जोशी ने आनंद की ओर, एवं चिंता, प्रभाव का दायरा सत्र लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनने पर रहा। मास्टर ट्रेनर डॉ राम सहाय यादव, सुधा बाजपेई, रघुवीर सोलंकी, आनंदम सहयोगी सुनीता शुक्ला ने अपने जीवन के अनुभव सांझा किए। इस दौरान कमल बामनिया, अजय जोशी, नितेश मालवीय, रूपाराम मुकाती का भी सहयोग रहा। कार्यक्रम में 60 प्रतिभागी उपस्थित रहे। आभार रघुवीर सोलंकी ने व्यक्त किया।

## महिला यात्री का लावारिस बैग लौटाया

**इंदौर .** नर्मदा एक्सप्रेस में एक महिला यात्री की ईमानदारी और जीआरपी की तत्परता ने इंसानियत की मिसाल पेश की . धार की नेशनल कॉलोनी निवासी अनीता को ट्रेन के कोच एस / 1 की बर्थ नंबर 42 पर एक लावारिस लैपटॉप बैग मिला . अनीता ने बिना किसी देर किए बैग को जीआरपी थाने में जमा करा दिया . जीआरपी थाना इंदौर में डे ऑफिसर सियाराम निनामा और महिला आरक्षक मोनिका श्रीवास्तव ने धर्मेन्द्र व परवेज खान की मौजूदगी में बैग की जांच की . इसमें एचपी कंपनी का लैपटॉप, चार्जर, कपड़े, आईडी कार्ड, आधार कार्ड, ब्रेसलेट और रिंग सहित लगभग 85 हजार रुपए कीमत का सामान मिला . आईडी कार्ड पर दर्ज मोबाइल नंबर के आधार पर पुलिस ने बैग के मालिक मनोज नटरवरलाल निवासी राजकोट, गुजरात से संपर्क किया . उन्होंने पुष्टि की कि यात्रा के दौरान उनका बैग ट्रेन में ही छूट गया था . बाद में वे जीआरपी थाना इंदौर पहुंचे, जहां विधिवत सत्यापन के बाद पूरी सामग्री उन्हें सौंप दी गई . इस घटना ने जहां अनीता की ईमानदारी को सलाम किया, वहीं जीआरपी इंदौर की तत्परता और पारदर्शी कार्यप्रणाली ने यह साबित किया कि रेलवे पुलिस यात्रियों की सुरक्षा और उनके सामान की सुरक्षा के प्रति हमेशा सजग है .

## पहली पत्नी से तलाक लिए बिना की दूसरी शादी

**इंदौर .** आजाद नगर पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ पहली पत्नी से तलाक लिए बिना दूसरी शादी करने के मामले में केस दर्ज किया है . 28 वर्षीय फरियादी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है . मामले में बताया गया कि आरोपी ने फरियादी से हिंदू रीति-रिवाज से विवाह किया था, लेकिन बिना कानूनी तौर पर तलाक लिए दूसरी महिला से शादी कर ली . फरियादी गणेश के साथ सलोनी, पवन सोलंकी, मुन्नालाल वर्मा और लक्ष्मी वर्मा निवासी गांधीनगर व पालदा ने भी घटना की जानकारी पुलिस को दी . पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है .

## शहर से फिर गायब हुईं तीन नाबालिग लड़कियां

**इंदौर.** शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से तीन नाबालिग लड़कियों के लापता होने के मामले सामने आए हैं. पुलिस ने तीनों मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपहरण का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. थाना राऊ क्षेत्र में रहने वाले लालचंद बंसल ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी 16 वर्षीय बहन को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया. घटना न्यू कमल नगर क्षेत्र की है. इसी तरह थाना लसूड़िया में बाबू अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी 17 वर्षीय बेटी शाम को घर से बिना बताए चली गई, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया. वहीं थाना हीरानगर क्षेत्र के न्यू बजरंग नगर में अंकिता चौहान ने बताया कि उनकी 14 वर्षीय बेटी अपनी सहेली के साथ कपड़े, बैग और 1500 रुपए लेकर घर से निकल गई. संदेह है कि कोई अज्ञात व्यक्ति दोनों को अपने साथ ले गया. तीनों मामलों में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच प्रारंभ की है. नाबालिगों की तलाश के लिए टीमों को सक्रिय कर दिया है.

## महिला से दुष्कर्म, आरोपी पर केस दर्ज

**इंदौर.** खजराना थाना क्षेत्र में 37 वर्षीय महिला ने शादाब बेग नामक व्यक्ति पर दुष्कर्म और धमकी देने का आरोप लगाया है. पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसकी इच्छा के खिलाफ कई बार शारीरिक संबंध बनाए और बात उजागर करने पर पति व बच्चों को जान से मारने की धमकी दी. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है.

# प्रथम आगमन पर प्रदेश महामंत्री का स्वागत

### डॉ .सुमेरसिंह सोलंकी ने कहा- पद सुशोभित करने के लिए नहीं, बल्कि दायित्व को परिणाम में बदलने के लिए होता है






**बड़वानी, ( नवभारत )।** पद सुशोभित करने के लिए नहीं होता है, बल्कि दायित्व को पूर्ण तरीके से परिणाम में बदलने के लिए होता है और मैं अपनी पूरी क्षमता के साथ अपने दायित्व को निभाते हुए सभी कार्यों और चुनौतियों को परिणाम में बदलने का संकल्प लेता हूं।

उक्त बातें राज्यसभा सांसद व नवनियुक्त भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ सुमेरसिंह सोलंकी ने भाजपा कार्यालय में सम्मान समारोह कार्यक्रम में हजारों कार्यकर्ताओं के बीच कही। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने यह पद मुझे नहीं दिया बल्कि जिले के एक-एक कार्यकर्ताओं को दिया है। हम सब की जिम्मेदारी बनती है कि इस पद की गरिमा को बनाते हुए अपने जिले में संगठनात्मक मजबूती प्रदान कर पूरे प्रदेश में बड़वानी जिले को एक आदर्श जिला बनाने तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने का संकल्प दिलाया तथा उन्होंने राष्ट्रीय व प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अजय यादव, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल, पानसेमल विधायक श्याम बरडे, पूर्व जिलाध्यक्ष सोहन माहेश्वरी व ओमप्रकाश सोनी ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री भागीरथ कुशवाह व आभार सचिन चौहान ने व्यक्त किया। जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री डॉ सुमेरसिंह सोलंकी व नवनियुक्त प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन का प्रथम जिला आगमन रविवार को दोपहर 2 बजे ठीकरी में हुआ। जहां हजारों कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद द्वारा ठीकरी नगर परिषद को पानी के दो टैंकर प्रदान किए। रास्तेभर में जगह-जगह गर्मजोशी से डॉ सोलंकी का स्वागत किया गया। शाम 7 बजे भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ पुष्पमाला पहनाकर डॉ सोलंकी का गर्मजोशी से स्वागत किया।

**जगह-जगह हुआ स्वागत**
- जगह-जगह डॉ सोलंकी का भव्य स्वागत किया।
- सम्मान समारोह सम्पन्न।

## सुमेरसिंह सोलंकी को अहम जिम्मेदारी, सेंधवा में उत्साह का माहौल



**सेंधवा।** राज्यसभा सांसद सुमेरसिंह सोलंकी को भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में महामंत्री नियुक्त किए जाने की खबर मिलते ही कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर एक-दूसरे को बधाई दी। सोलंकी के सेंधवा आगमन को लेकर कार्ययोजना बनाने और 15 नवंबर को बालवाड़ी में भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर आदिवासी गौरव दिवस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर नपा जनसंपर्क कार्यालय में बैठक आयोजित की। भाजपा प्रवक्ता सुनील अग्रवाल ने कहा कि युवा आदिवासी नेता सुमेरसिंह सोलंकी को प्रदेश कार्यकारिणी में दी गई यह जिम्मेदारी पश्चिम निमाड़ के लिए गौरव की बात है। पूर्व जिलाध्यक्ष एस वीरा स्वामी ने कहा कि सोलंकी का संगठनात्मक अनुभव और जनसेवा के प्रति समर्पण पार्टी को नई ऊर्जा देगा। । बैठक में शोभाराम तरोले, कीर्ता वड़वी, जगरिया सेनानी, भीमा सोलंकी, प्रकाश निकुम, विवेक तिवारी एवं कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बंधारा बुजुर्ग में लगा शिविर

**पानसेमल।** ग्राम बंधारा बुजुर्ग में दिव्यांग शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें जिन दिव्यांगजनों के प्रमाण-पत्र नहीं बने हैं, उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर प्रमाण-पत्र बनाए। साथ ही उपस्थितों का सिकल सेल, आखों, हाथ और पैर का परीक्षण किया। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अरुण खन्ना ने बताया कि कलेक्टर जयतिसिंह के निर्देशन में जिला मेडिकल बोर्ड से डॉक्टर टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। 56 व्यक्तियों ने पंजीयन कराए, जिनमें से 19 दिव्यांगजनों के प्रमाण-पत्र बनाए व 5 व्यक्तियों को जिले में रैफर किया है। शिविर में योगेन्द्र कुलकर्णी, रवि शुक्ला लेखापाल, स्वास्थ्य विभाग से यशवंत इन्द्वेकर, सचिव पंडरीनाथ पाटिल, मोबाईलाइजर गंगा बर्डे सहित अन्य उपस्थिति रहे।




**एक नजर में** — जिला अस्पताल में आयोजित हुआ नेत्र शिविर, 55 मरीजों का किया परीक्षण

## मोतियाबिंद के 16 मरीजों का होगा लैंस प्रत्यारोपण

**बड़वानी, 28 अक्टूबर**

जिला अस्पताल में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुरेखा जमरे और सिविल सर्जन डॉ अनिता सिंगारे के मार्गदर्शन में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के ग्रामीण ईलाकों से 55 नेत्र मरीज आंखों की जांच कराने आए थे। सुधीर कुमार पांडेय ने कहा कि नेत्र परीक्षण डॉ विमलेश चोयल, डॉ सुश्री पंडित, डीडीपी एम अनिल राठौड़ और डीपीएम दीपक सोनी, कैम्प कोऑर्डिनेटर रविन्द्र टेकाम ने किया। वहीं सिस्टर प्रेयशी जाधव ने ब्लड प्रेशर, मनोज भगोरे ने ब्लड शुगर की जांच की। महेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि परीक्षण के बाद 16 मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए इंदौर चोइथराम नेत्र चिकित्सालय बस से भेजा गया। वहीं 5 टैरिजियम के मरीजों ऑपरेशन जिला अस्पताल बड़वानी में ही किए जाएंगे।

अनिल राठौड़ ने बताया कि कि नेत्र शिविर में मरीज और उनके परिजनों को लायंस क्लब बड़वानी सिटी द्वारा नि:शुल्क भोजन कराया गया। आगामी नेत्र शिविर 3 नवंबर को आयोजित किया जाएगा।




### आयोजित हुआ शिविर

जिला अस्पताल में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुरेखा जमरे और सिविल सर्जन डॉ अनिता सिंगारे के मार्गदर्शन में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया।

## हिंदूवादी नेता को जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

- सोशल मीडिया पर लिखा था- मरने पर मिठाई बांटेंगे

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल से जुड़े हिंदूवादी नेता को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी अल्तमस खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. आरोपी ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए लिखा था कि तनु शर्मा के मरने पर सभी मुसलमान भाई मिठाई बांटेंगे.**

छत्रीपुरा पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की. शर्मा को पिछले कई वर्षों से इस तरह की धमकियां मिलती रही हैं. पिछले वर्ष भी बंबई बाजार क्षेत्र के एक युवक द्वारा उनकी हत्या की साजिश से जुड़ा एक ऑडियो वायरल हुआ था. बताया जा रहा है कि इससे पहले भी सोशल मीडिया पर सर तन से जुदा जैसी धमकियां दी जा चुकी हैं. हाल ही में देवास जिले के कमलापुर क्षेत्र में हुए जानलेवा हमले और नई धमकियों के बाद एक बार फिर उनकी सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं. तनु शर्मा के समर्थकों का कहना है कि वर्तमान में उन्हें केवल एक सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराया है, जो पर्याप्त नहीं है, उन्होंने कहा कि यदि समय रहते अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई तो यह प्रशासन की गंभीर लापरवाही मानी जाएगी. फिलहाल, छत्रीपुरा पुलिस ने आरोपी अल्तमस खान को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया. पुलिस आगे की जांच में जुटी है.



## लोन एप के बहाने युवती को बनाया निशाना

### एडिटेड न्यूड फोटो वायरल करने की धमकी, साइबर सेल में शिकायत

**इंदौर. शहर में ऑनलाइन ठगी और ब्लैकमेलिंग का नया मामला सामने आया है. शिवमोती नगर निवासी एक 25 वर्षीय युवती ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है कि लोन एप के जरिए उसके निजी फोटो को एडिट कर न्यूड बनाकर वायरल करने की धमकी दी गई है. आरोपी एप संचालकों ने उससे 3540 रुपए की मांग की थी.**

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि करीब 25 दिन पहले उसने मोबाइल पर एक लोन एप डाउनलोड किया था. एप ने बैंक डिटेल्स और फोटो सहित कई जानकारियां मांगीं, जिन्हें उसने अपलोड कर दिया. इसके बाद लोन रिजेक्ट होने का संदेश आया. एक सप्ताह बाद युवती के मोबाइल पर कॉल और मैसेज आने लगे, जिनमें लोन भुगतान का दबाव बनाया गया. पहले 1800 रुपए जमा करने को कहा गया, फिर 2190 रुपए पेनल्टी सहित मांगे गए और धमकी दी गई कि पैसे नहीं दिए तो उसके परिचितों को फ्रॉड की सूचना भेज दी जाएगी. तीसरी बार कॉल करने वालों ने युवती का फोटो एडिट कर वॉट्सएप पर भेजा और वायरल करने की धमकी दी. लगातार धमकियों से परेशान युवती ने घर पर खाना-पीना तक छोड़ दिया. पिता ने बातचीत कर जब पूरी बात जानी तो उन्होंने तुरंत राज्य साइबर सेल और हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई. फिलहाल पुलिस ने संबंधित लोन एप और मोबाइल नंबरों की जांच शुरू कर दी है. साइबर विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी अनजान एप पर निजी जानकारी या फोटो शेयर करना खतरे से खाली नहीं है. पुलिस ने लोगों से ऐसे एप डाउनलोड करने से पहले सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर देने की अपील की है.

## डायपर गोदाम में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग

**इंदौर. खातीवाला टैंक क्षेत्र के वीर सावरकर नगर स्थित प्रकाश पैलेस अपार्टमेंट के बेसमेंट में देर रात भीषण आग लग गई थी, अनिल और सुनील प्रेमचंदानी के डायपर गोदाम में आग शॉर्ट सर्किट से लगी, जिससे बेसमेंट में घना धुंआ फैल गया और इमारत के रहवासियों में अफरा-तफरी मच गई.**

सूचना पाते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां एसआई संतोष दुबे के नेतृत्व में मौके पर पहुंचीं. बेसमेंट में धुंए की वजह से आग तक पहुंचना चुनौतीपूर्ण था. दमकल टीम को धुंए को बाहर निकालने के लिए पास की दीवार तोड़नी पड़ी. करीब 8,000 लीटर पानी का उपयोग कर टीम ने लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद रात 12.10 बजे आग पर पूरी तरह काबू पाया. इस हादसे में किसी की जान को नुकसान नहीं हुआ, लेकिन गोदाम में रखे डायपर, सेनेटरी नैपकिन, धागे और अन्य सामग्री जलकर खाक हो गई, जिससे लाखों का आर्थिक नुकसान होने का अनुमान है. प्रारंभिक जांच में आग का कारण बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट बताया है. मामले में जांच की जा रही है, वहीं गोदाम मालिक ने कहा कि वे जल्द ही नई दुकान का शुभारंभ करने वाले थे.

## नशे और साइबर अपराधों से सतर्क रहने की दी सीख

- सिंगौड़ा मल्टी में पुलिस की 'मोहल्ला मीटिंग'

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. चंदन नगर पुलिस ने देर रात सिंगौड़ा मल्टी परिसर में मोहल्ला मीटिंग के माध्यम से क्षेत्रवासियों से संवाद किया. पुलिस उपायुक्त जोन-4 आनंद कलादगी के निर्देशन में हुई इस बैठक में एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल, एसीपी शिवेन्दु जोशी और थाना प्रभारी इंद्रमणि पटेल सहित थाना स्टाफ मौजूद रहा.**



लगभग 150 से अधिक लोगों की उपस्थिति में हुई बैठक में नागरिकों को नशे के दुष्परिणाम और साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई. अधिकारियों ने युवाओं को अपराध और नशे से दूर रहकर समाजहित में सकारात्मक कार्य करने की प्रेरणा दी. आनंद कलादगी ने बताया कि मोहल्ला सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने के लिए शिकायत पेटी स्थापित की जाएगी, जिससे लोग बिना नाम बताए अपराधियों या संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दे सकें. साथ ही, साइबर फ्रॉड से बचने के लिए अज्ञात कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करने की अपील की गई. एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल ने कहा कि जनता और पुलिस के बीच आपसी विश्वास और तालमेल से ही अपराधों पर नियंत्रण संभव है. बैठक को क्षेत्र में पुलिस-जन सहयोग की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है.

**अनदेखी** — महिलाएं और बच्चे कचरा डालने दूर मुख्य सड़क तक जाने को मजबूर, बीमार और बुजुर्ग महिलाएं होती हैं परेशान

## एक साल से घरों तक नहीं पहुंच रही कचरा संग्रहण गाड़ी

**इंदौर.** नगर निगम द्वारा इंदौर को स्वच्छ शहर बनाने के लिए सीधे लोगों के घर से कचरा संग्रह करने का अभियान जोरों पर शुरू किया गया. इससे शहर को स्वच्छ बनाने में सफलता भी मिली, इस अभियान में 6-7 साल तक देखा गया कि कचरा संगहण गाडियां उत्साहपूर्वक गली-गली पहुंच रही थीं. यहां तक कि छोटी और तंग गलियों में भी हाथ गाड़ी से कचरा संगहण किया जा रहा था, लेकिन अब करीब एक साल से देखने में आ रहा है कि कई क्षेत्रों में अब कचरा संग्रह सुविधा अघोषित रूप से बंद कर दी गई है. इससे शहर की बस्तियों की तंग गलियों में या तो कचरे और गंदगी के ढेर लग जाते हैं या यहां के रहवासियों को पैदल चलकर मुख्य मार्ग पर कचरा गाड़ी तक पहुंचना पड़ता है.



ऐसा ही एक मामला वार्ड - 7 के कंदीलपुरा क्षेत्र के गोकुलगंज के सामने देखने को मिला. यह क्षेत्र जिला शिक्षा कार्यालय से वायर फैक्ट्री रोड के बीच में आता है. गोकुलगंज की कई गलियां ऐसी हैं, जहां पूर्व में अंदर तक जाकर कचरा संग्रह किया जाता था. परिणामस्वरूप गलियां साफ-सुथरी दिखती थीं. वर्तमान में यहां कचरा गाड़ी इन गलियों में नहीं आती. यह गाड़ी मुख्य मार्ग तक ही आती है. इस कारण यहां की महिलाओं और बच्चों को मुख्य मार्ग तक पैदल चलकर कचरा डालने गाड़ी तक पहुंचना पड़ता है. घर कचरा ले जाने की सुविधा बंद होने के बाद रहवासियों द्वारा क्षेत्र के दरोगा एवं कचरा संग्रह वाहन चालक से कई बार आग्रह किया गया कि पहले की तरह क्षेत्र के अंदर तक कचरा वाहन लेकर आएं, लेकिन आज तक इस पर अमल नहीं किया गया. इससे रहवासियों में तीव्र असंतोष है.

### रहवासियों का कहना है . . .



मोहल्ले में कई महिलाएं बुजुर्ग हैं, कई बीमार रहती हैं, कई नव विवाहिताएं भी हैं, उन्हें कचरा लेकर दूर मुख्य सडक़ तक जाना उनके लिए कई समस्याएं खड़ी करता है . निगम के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारियों को महिलाओं की सुविधा का ध्यान रखना चाहिए . **- विनीता जरिया**



घरों के पुरुष तो काम पर चले जाते हैं . महिलाओं और बच्चों को ही घर से निकलकर मुख्य सडक़ पर खड़ी कचरा गाड़ी तक कचरा लेकर जाना पड़ता है . निगम के जिम्मेदार पूर्व जैसी सुविधा दोबारा चालू करें . **- जानकी टिकलिया**



कचरा गाड़ी पहले नियमित आती थी, चालक बीच में छुट्टी करने लगे, जब क्षेत्र में सडक़ का कार्य शुरू किया गया तो उन्होंने गाड़ी नहीं आ पाने का बहाना बनाया . जब सडक़ बन गई तो भी उन्होंने कचरा गाड़ी लाना शुरू नहीं किया . एक साल से अधिक समय हो गया **- नीमा बाई**